तापमान
अधिकतम 37 डिग्री
न्यूनतम 28 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार, 13 जून 2024

13 कांकेर लोस का चौमुखी विकास सभी लोगों की राय लेकर...

14 सोरिद नाला की सफाई में निकला बीस ट्रेक्टर ...




REGISTRATION OPEN
PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA
NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM
SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS
7222910430/41

## खबर संक्षेप

### पुरस्कारों के लिए आवेदन 30 जून तक

**धमतरी।** छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग भाग द्वारा हर साल खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों, निर्णायकों को खेल पुरस्कार प्रदान कर राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया जाता है। ये पुरस्कार राज्य के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को प्रदान किये जाते हैं। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि पुरस्कारों के लिए आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 जून है। आवेदन पत्रों का प्रारूप विभाग की वेबसाइट स्पोर्टसवायडब्ल्यू डाट सीजी डाट इन पर उपलब्ध है।

### वेदप्रकाश को मिली अनुकम्पा नियुक्ति

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने बरपारा, दानीटोला वार्ड धमतरी के वेदप्रकाश यादव को भू-अभिलेख शाखा में चैनमेन के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान की है। वेदप्रकाश को पुनरीक्षित वेतन संरचना वेतन मैट्रिक्स लेवल-1 में मूल वेतन 15,600 रूपये (15600-49400) प्रतिमाह एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत महंगाई भत्ते की दर पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान करते हुए कार्यभार ग्रहण करने के तीन वर्ष की परिवीक्षा अवधि में आगामी आदेश पर्यन्त अस्थाई रूप से पदस्थ किया गया है।

### आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत

**मगरलोड।** मगरलोड थाना अंतर्गत ग्राम सरगी में आकाशीय बिजली गिरने से किसान की मौत हो गई। थाना से मिली जानकारी अनुसार 11 जून मंगलवार को सरगी निवासी गोपी यादव पिता स्व. कार्तिक यादव उम्र 40 वर्ष खेत की जुताई करवाकर वहां काम कर रहा था। शाम करीबन 6.30 बजे बिजली कड़कने एवं बारिश होने से गोपी खेत की मेड़ में लगे बेहरा पेड़ के नीचे आ गया तभी आकाशीय बिजली बेहरा पेड़ पर गिरी। इसकी चपेट में गोपी आ गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। 12 जून को इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम, पंचनामा, पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया।



### सम्मान समारोह एवं शाला प्रवेश उत्सव 21 को

**धमतरी।** उत्कृष्ट विद्यार्थी, उत्कृष्ट विद्यालय, उत्कृष्ट धमतरी के आदर्श वाक्य को सार्थक करने के लिए शिक्षा सत्र 2023-24 में जिले में सार्थक पहल की गई है। शत-प्रतिशत शैक्षिक गुणवत्ता को प्राप्त करने के लिए हाई एवं हायर सेकेण्डरी के विद्यार्थियों के लिए मिशन अव्वल कार्यक्रम चलाया गया। इसकी वजह से जिले में बीते साल की अपेक्षा परीक्षा परिणाम सुखद रहा। कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देशानुसार जिले में दसवीं और बारहवीं में 85 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों सहित रेडक्रॉस, एनसीसी, स्काउट गाइड, एनएसएस के क्रियाकलापों में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 21 जून को सम्मानित किया जाएगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि रत्नाबांधा रोड स्थित साहू समाज भवन में दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक सम्मान समारोह और शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम रखा गया है।

---

जिले के 73 प्राइमरी और मिडिल स्कूल एकल शिक्षकीय

# शिक्षकों की कमी के साथ खुलेंगे जिले के सरकारी स्कूलों के पट

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शिक्षकों की कमी के बीच इस साल स्कूल खुलेंगे। जिले के 73 प्राइमरी और मिडिल स्कूल में एक-एक शिक्षक हैं। वहीं हायर सेकेंडरी स्कूलों में व्याख्याता के भी 100 से ज्यादा पद रिक्त हैं। शिक्षकों की कमी के चलते शिक्षा विभाग के भी हाथ बंधे हुए हैं। शिक्षकों को इधर से उधर करके काम चलाया जा रहा है।

तीन दिन बाद शिक्षण सत्र शुरू हो रहा है। इस दिन धूमधाम से शाला प्रवेशोत्सव मनाते हुए स्कूलों को खोला जाएगा। विडंबना यह है कि इस साल भी शिक्षकों की कमी के बीच पढ़ाई होगी। यही कमी सालों से चली आ रही है। समस्याओं के कारण अब तक इन रिक्त पदों को भरा नहीं गया है। हर साल स्कूलों से शिक्षकों की कमी की शिकायत मिलती है। शिक्षकों की कमी को लेकर तालाबंदी, धरना प्रदर्शन भी होते हैं। जिले के स्कूलों की स्थिति पर नजर डालें तो 73 प्राइमरी और मिडिल स्कूल एकल शिक्षकीय हैं। यानी इस स्कूल में मात्र एक शिक्षक है। ये शिक्षक तो ऑफिस कार्य में ही व्यस्त हो जाते हैं। ऐसे में इन स्कूलों में पढ़ाई चौपट है।




### छुट्टी भी बड़ी समस्या

स्कूलों में 60 प्रतिशत महिला शिक्षक हैं जिन्हें प्रसव और शिशु की देखरेख के लिए छुट्टी मिलती है। यह छुट्टी 6 माह तक हो सकती है। मेटरनिटी लीव के चलते भी जिले के कई स्कूल में शिक्षकों की कमी है। वहीं शिशु की देखरेख के लिए भी लंबी छुट्टी मिलती है। कई शिक्षिकाएं छुट्टी की इस सुविधा का अच्छे से इस्तेमाल कर रही हैं जिसके कारण स्कूलों में शिक्षकों की कमी और भी बढ़ गई है।

### हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में भी कमी

मिडिल और प्राइमरी के साथ हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में विषय शिक्षकों की कमी है। मिडिल और प्राइमरी स्कूलों में तो शिक्षक सभी विषय पढ़ाते हैं लेकिन हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में हर विषय के लिए अलग शिक्षक होते हैं। इन स्कूलों में शिक्षक अतिरिक्त पीरियड लेकर शिक्षकों की कमी को पूरा कर सकते हैं। जीव विज्ञान के विषय विशेषज्ञ शिक्षक रसायन और गणित के शिक्षक भौतिक विज्ञान पढ़ा सकते हैं। इसी प्रकार अन्य विषय के शिक्षक भी कई दूसरे विषय को पढ़ा सकते हैं लेकिन शिक्षक ज्यादा पीरियड पढ़ाना नहीं चाहते हैं। इस कारण समस्या और भी गहरा गई है।

---

# नियम हुए टाइट, कार्रवाई भी धुआंधार



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

- शहर में रेत की डिमांड बढ़ी, सप्लाई हुई कमजोर

रेत निकासी के नियम को टाइट करते हुए खनिज विभाग ने धुआंधार कार्रवाई शुरू कर दी है। इससे रेत के कारोबारियों की समस्या बढ़ गई है। रेत डंप करने के लिए अब जमीन का डायवर्सन भी मांगा जा रहा है। बिना डायवर्सन के रेत डंप की अनुमति नहीं दी जा रही है।

इस साल बारिश के सीजन में रेत की किल्लत होने की आशंका है। बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। दो दिन बाद खदानों से रेत की निकासी पर कानूनी रूप से प्रतिबंध लगा दिया जाएगा। उधर अंचल में अभी भी बड़ी संख्या में निर्माण चल रहे हैं। ऐसे में रेत की डिमांड पहले से कई गुना बढ़ गई है। स्थिति यह है कि सप्लायर दिन भर गाड़ी दौड़ाने के बाद भी डिमांड के अनुसार रेत की सप्लाई नहीं कर पा रहे हैं। इससे रेत के दाम भी बढ़ गए हैं। शहर में ही रेत प्रति टेक्टर ट्राली 1400 से 1500 रुपए तक बिक रही है। शहर के आसपास के इलाकों में रेट और भी ज्यादा है।

### हो सकती है किल्लत

हर साल बारिश में नदी से रेत का उत्खनन बंद किया जाता है। रेत की आपूर्ति जारी रखने के लिए व्यवसायियों को डंपिंग की अनुमति दी जाती है। इस साल डंपिंग के नियम टाइट कर दिए गए हैं। नए डंपिंग पाइंट के लिए जमीन का व्यवसायिक डायवर्सन मांगा जा रहा है। वहीं पुराने डंपिंग पाइंट वालों को जमीन के डायवर्सन के लिए आवेदन करने की सलाह दी जा रही है। उल्लेखनीय है कि अधिकांश डंपिंग पाइंट खेत-खलिहानों में होते हैं। ऐसे में डायवर्सन उनके लिए बड़ी समस्या है। कई डंपिंग पाइंट तो डायवर्सन के कारण ही स्वीकृत नहीं हो पा रहे हैं। ऐसे में इस बार रेत की किल्लत होने की आशंका है।

### कार्रवाई भी तेज

राज्य में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही रेत के कारोबार में वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई थी। लोकसभा चुनाव के बाद यह लड़ाई और तेज हो गई है जिसके कारण शिकवा-शिकायतों का दौर भी चल रहा है। लगातार शिकायतों के चलते खनिज विभाग भी लगातार कार्रवाई कर रहा है। इससे रेत की सप्लाई प्रभावित हो रही है।

---

# चाय पीने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

कोसमर्रा में चाय दुकान के पास अज्ञात वाहन ने युवक को चपेट में लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

भखारा थाना अन्तर्गत ग्राम कोसमर्रा में बुधवार की सुबह चाय पीने जा रहे एक 40 साल के युवक को अज्ञात वाहन ठोकर मारकर फरार हो गया, जिसे हाईवे पेट्रोलिंग ने अस्पताल पहुंचाया। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद कोसमर्रा चौक पर चाय दुकान की आड़ में रात भर अवैध शराब की बिक्री करने वाले के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा फूट गया। तत्काल कार्रवाई की मांग करते हुए दुर्घटना पर लगाम लगाने की मांग की। नेशनल हाईवे 30 में मरौद टोल प्लाजा शुरू होने के बाद भखारा रोड में छोटे वाहनों के साथ बड़े वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है, जिससे हादसे भी बढ़ रहे हैं और लोग मौत के काल में समाते जा रहे हैं।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार की तड़के लगभग 3.30 बजे हाईवे पेट्रोलिंग को सूचना मिली कि कोसमर्रा चौक में अज्ञात वाहन एक व्यक्ति को ठोकर मारकर फरार हो गया। पेट्रोलिंग टीम ने घायल दौलत यादव पिता रामा यादव 40 वर्ष कोसमर्रा निवासी को तुरंत भखारा अस्पताल पहुचाया जहां उनकी नाजुक हालत को देखकर धमतरी भेजा गया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया गया कि मृतक पैरा कुट्टी का काम करता था और सुबह सड़क पारकर चाय दुकान की ओर जा रहा था तभी सड़क के दोनों ओर खड़े वाहन की वजह से वह सामने से आ रहे वाहन की चपेट में आ गया।

### चाय दुकान की वजह से हादसा

ग्रामीणों ने बताया कि इस डेंजर प्वाइंट में यह पहला हादसा नहीं है। यहां एक्सीडेंट होते रहता है और कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं। बताया गया कि इस चाय दुकान की वजह से आए दिन हादसे होते रहते हैं। दुकानदार चाय दुकान की आड़ में शराब की बिक्री करता है और ट्रकों से चोरी का डीजल भी खरीदता है जिसकी वजह से रात में इस डेंजर प्वाइंट पर सड़क के दोनों तरफ़ वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है और राहगीर हादसे का शिकार हो रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि पुलिस चाय दुकान की आड़ में होने वाली अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाएं।

---

# शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले स्कूली वाहनों की होगी चेकिंग

- वर्षा ऋतु में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने यातायात पुलिस ने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बारिश के मौसम में होने वाले सड़क हादसों में कमी लाने यातायात पुलिस ने तैयारी शुरू कर दी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से शिक्षण सत्र शुरू होने से पहले स्कूली वाहनों की चेकिंग की जायेगी।

वर्षा ऋतु में सड़क दुर्घटनाओं का आंकड़ा बढ़ जाता है। इस मौसम में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा द्वारा यातायात में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक लेकर आवश्यक चर्चा की गई। बताया गया कि हादसों में कमी लाने दुर्घटनाजन्य स्थल के चिन्हांकन के साथ आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय किया जाना है। गति नियंत्रण के लिये स्टापर लगाना, मार्ग किनारे के पेड़ों पर रेडियम रिफ्लेक्टर टेप, अंधे मोड़ के आसपास की झाड़ियों की सफाई के साथ-साथ आवारा मवेशियों को मार्ग से हटाया जाना है। इन उपायों से वर्षा ऋतु में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं से बचाव होगा। बैठक में आगामी दिनों में शुरू हो रहे स्कूलों को ध्यान में रखते हुए स्कूली वाहन, बस, आटो, मैजिक, वैन की चेकिंग की जायेगी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा जारी निर्देशों का पालन कराने परिवहन विभाग के साथ 14 जून को वाहन चेकिंग व चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं यातायात कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। शहर के यातायात को सुचारू रूप से संचालित करने निरंतर पैदल पेट्रोलिंग सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिये गये।



बैठक के पश्चात डीएसपी ने यातायात के मालखाना का निरीक्षण कर सड़क सुरक्षा उपकरणों के सही रखरखाव व बंद या खराब पड़े उपकरणों की मरम्मत के लिये माल मुंशी को निर्देशित किया।

### शिव स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा 18 से

**धमतरी।** बठेना वार्ड जेल रोड में नवनिर्मित पंचमुखी महादेव मंदिर में शिव स्थापना एवं प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन 18 से 20 जून तक किया गया है। 18 जून को कलश यात्रा, वेदी पूजन, 19 को अन्नाधिवास, वेदीपूजन, जलाधिवास, फलधिवास, 20 जून को देव प्रतिष्ठा, हवन, पूर्णाहुति होगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से महाप्रसादी का वितरण होगा। आचार्य के रूप में पं. हरिभूषण मिश्रा, उपाचार्य पं. महेंद्र मिश्रा उपस्थित रहेंगे। यजमान परिवार रामप्रसाद सिन्हा, अंजनीबाई, कमलेश, ओकेश्वरी, प्रदीप, नीतेश्वरी, कमल पदमनी, जागृति, भूमि, मोहित, तनुजा, सौम्या, पुन्याज, तानी, शिवधनम ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

---

# विहिप, बजरंग दल ने फूंका आतंकवादी संगठन का पुतला

- जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में शहर में निकाली आक्रोश रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जम्मू कश्मीर में माता वैष्णव देवी कटरा से शिवखेडी दर्शन के लिए निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर आतंकवादियों ने घात लगाकर बस पर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थयात्रियों की हत्या कर दी। इस घटना से देशभर में आक्रोश है। विहिप, बजरंग दल ने इस घटना की निंदा करते हुए पूरे भारत में आतंकवाद का पुतला फूंका। इसी कड़ी में धमतरी में भी विहिप, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शहर में आक्रोश रैली निकालकर गांधी मैदान में आतंकवादी संगठन का पुतला दहन किया। इसके बाद महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा।



कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह घटना संपूर्ण देशवासियों को स्तब्ध करने वाली है। इस दुष्कृत्य से देश आहत है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से आतंकवाद का दंश झेल रहा है। हिन्दुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या कर रही है। आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की जरुरत है। सभी कार्यकर्ताओं ने मृत श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर विहिप जिलाध्यक्ष संदीप अग्रवाल, जिला कार्य अध्यक्ष दीपक ठाकुर, जिला मंत्री रामचंद्र देवांगन, जिला सहसंयोजक प्रिंस जैन, डाकेश्वर साहू, नगर अध्यक्ष कैलाश भक्तानी, नगर कार्य अध्यक्ष पीयूष पारख, नगर संयोजक चित्ररेस साहू, दिलीप साहू, नेमचंद साहू, दीपक सोनी, पुरुषोत्तम निषाद, मानव यादव, गौरव गोयल, सत्यम, आकाश, हेमकुमार, दुर्गेश साहू सहित अन्य प्रखंड, ग्राम के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

हेमेचुरिया से पीड़ित कसपुर का मरीज जिला अस्पताल पहुंचा

# कमार जनजाति के मरीज की हमर लैब में हुई जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

यूरिन में रक्त जाने की समस्या से पीड़ित कमार जनजाति के मरीज की जिला अस्पताल की हमर लैब में निःशुल्क जांच कर कैंसर सेल की पहचान की गई। राज्य शासन व जिला प्रशासन द्वारा कमार जनजाति के शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास सहित विकास के लिए अनेक प्रयास किए जा रहे हैं। कमार जनजाति के लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जा रहा है। वहीं बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में लगातार आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसी तरह कमार जनजाति को आयुष्मान भारत से जोड़ने विशेष शिविर लगाकर उन्हें स्वास्थ्य बीमा का लाभ दिया जा रहा है। जिले के शासकीय अस्पतालों में भी उपचार के लिए विशेष सुविधा दी जा रही है।



इसी क्रम में जिला अस्पताल की हमर लैब में यूरिन में रक्त जाने की समस्या हेमेचुरिया से पीड़ित कमार जनजाति के मरीज की निःशुल्क जांच की गई। पैथालाजिस्ट डा. आदित्य सिन्हा ने बताया कि हमर लैब में पैथालाजी संबंधित प्रकार के जांच के साथ कैंसर जैसी बीमारी की भी जांच हो रही है। सोमवार को नगरी ब्लाक के ग्राम कसपुर के रहने वाले कमार जनजाति के 50 वर्षीय मरीज हेमेचुरिया पेशाब में रक्त जाने की समस्या लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। उसके पास पहले करा चुके अल्ट्रा सोनोग्राफी की रिपोर्ट थी। रिपोर्ट में मरीज के यूरिन ब्लैडर के पिछले भाग में एक्स्ट्रा गांठ दिखाई दे रही थी। हमर लैब में मरीज की यूरिन साइटोलाजी की गई। इसे जांच प्रक्रिया में नान इनवैन्सिव टेक्निक कहा जाता है। इस तरह के मरीज को कैंसर जैसी बीमारी की जांच की निःशुल्क सुविधा मिली है। वर्तमान में जिला अस्पताल के कैंसर के मरीजों की कीमोथैरेपी, गुर्दा रोगियों के लिए डायलिसिस की निःशुल्क सुविधा है।

### श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 19 से

**धमतरी।** मराठापारा निवासी श्रीमती द्रौपदी बाबर, योगेश कविता बाबर, सुदेश मुक्ति बाबर परिवार द्वारा स्व. द्वारका राव बाबर की स्मृति में मराठा मंगल भवन मराठापारा में 19 से 25 जून तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक नारायण महाराज जी श्री राधे निकुंज आश्रम भिलाई दुर्ग होंगे। यज्ञ हवन पूर्णाहुति 25 जून मंगलवार को सुबह 8 बजे होगी। महाप्रसादी 25 जून को दोपहर 1.30 बजे प्रारंभ होगी। अभिमन्यु बाबर, ओजस्वी बाबर, अनन्या बाबर, कामिनी लोकेश गायकवाड़, यश यशस्वी गायकवाड़ ने भक्तों से कथा श्रवण करने का आग्रह किया है।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

### धारदार हथियार लहराकर डराने वाले युवक पर कार्रवाई

**महासमुंद।** कोमाखान के शराब दुकान के पास धारदार हथियर चापड़ लहराकर लोगों को डराने वाले युवक पर पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कोमाखान शासकीय शराब दुकान के पास एक व्यक्ति अपने हाथ में एक धारदार हथियार लोहे का चापड़ (कत्ता) लेकर हवा में लहराते हुए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है।
सूचना के बाद उक्त स्थल पर पहुंचकर हथियार लहराने वाले युवक को पकड़ा। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हेमंत सतनामी उर्फ लल्लू सतनामी पिता सुफल सतनामी (35 साल) निवासी वार्ड नंबर 14 खोफेतरा खरियार रोड थाना जोंक खरियार रोड जिला नुआपाड़ा (ओडिशा) का निवासी होना बताया। आरोपी के कब्जे से धारदार हथियार लोहे का चापड़ (कत्ता) को जब्त किया गया। वहीं युवक के खिलाफ धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### बाइक ने मारी टक्कर

**महासमुंद।** तहसील ऑफिस के पास एक कार को बाइक ने टक्कर मार दिया। प्रार्थी मनजीत सिंह कौशल (71) ने पुलिस को बताया कि बाइक सीजी 06 एचए 0752 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए उसकी कार को टक्कर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ धारा 279, 337 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया है।

### मोदी के पीएम बनने पर उत्साह का माहौल

**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसके घटक दल के गठबंधन के नेता द्वारा नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाया है। प्रधानमंत्री के साथ मंत्रिमंडल ने भी शपथ ग्रहण किया। जिसको लेकर भाजपा में उत्साह का माहौल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का शपथ ग्रहण समारोह राष्ट्रपति भवन में हुआ। तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेते ही नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर देश की जनता का दिल जीत लिया।

### किसड़ीवासियों को स्वच्छता के लिए किया प्रेरित

**सरायपाली।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय किसड़ी में सरस्वती शिशु मंदिर के दस दिवसीय आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण के नौवें दिवस मुख्य अतिथि के रूप में कामता प्रसाद साहू प्राचार्य सशिमं उपस्थित रहे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना
पथरी रोग व बवासीर रोगी संपर्क करें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद का मगरलोड में हुआ आत्मीय स्वागत

# ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं : भोजराज

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग का मगरलोड आगमन हुआ। कार्यकर्ताओं ने सांसद श्री नाग का बस स्टैंड मगरलोड में आतिशबाजी, बाजे गाजे के साथ भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर श्री नाग ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सन 1962 के बाद तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने का सौभाग्य नरेंद्र मोदी को प्राप्त हुआ है। यह हमारे कार्यकर्ताओं के कारण ही संभव हो सका है। कार्यकर्ताओं ने मोदी की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने का काम किया। श्री नाग ने आगे कहा कि भाजपा नेतृत्व ने हिंदुस्तान के इतिहास में पहली बार एक पुजारी को लोकसभा का प्रत्याशी बनाया। जनता जनार्दन के आशीर्वाद व पार्टी के कार्यकर्ताओं की मेहनत से लोकसभा में सेवा करने का उन्हें अवसर मिला। आगे कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। हर गांव में विकास के लक्ष्य को लेकर मोदी जी संकल्पित हैं। नरेंद्र मोदी भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेकर चल रहे हैं। आने वाले स्थानीय चुनाव में भी कार्यकर्ताओं को संगठित होकर काम करने की आवश्यकता है।

श्री नाग ने बताया कि नरेंद्र मोदी गांव, गरीब, किसान, महिला और नौजवानों के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित की है। गरीबों के लिए आवास, घर-घर में शुद्ध पानी, हर घर में बिजली,



सड़क, पुल पुलिया, आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ लोग उठा रहे हैं। इन सब काम को रोकने का काम पूर्व कांग्रेसी सरकार ने किया था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम कर रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में मगरलोड मंडल से ऐतिहासिक जीत मिली है। हमारा विकास का कार्यक्रम बनेगा। हर क्षेत्र का विकास हो इसी भावना के साथ काम करेंगे। निरई माता , कणेश्वर महादेव का आशीर्वाद हमेशा बना रहे। श्री नाग ने आगे कहा कि अभी कुछ महीनों में नगरीय निकाय का चुनाव होना है। हमें ट्रिपल इंजन की सरकार बनानी है। इसके लिए कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं।

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक पिंकी शाह, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा, जिला किसान मोर्चा अध्यक्ष वीरेंद्र साहू ,भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य शत्रुघन साहू, मगरलोड मंडल अध्यक्ष विजय यदु, मेघा मंडल होरीलाल साहू, मंडल महामंत्री एवन साहू, रामायण सिन्हा, भवानी यादव, भीखम सेन, राजेश साहू, कोमल यदु, युवा मोर्चा अध्यक्ष बसंत साहू, महामंत्री घनश्याम साहू, उपाध्यक्ष मुरली सिन्हा, नेमू निषाद, टकेश्वर साहू, नोकेश्वर ध्रुव, श्रवण साहू, ओमप्रकाश निषाद, बिसनाथ निषाद, मनोहर सिन्हा, तिलक साहू, मोहन रोहित साहू ,पवन निषाद, सुरेश मरकाम, राजेन्द्र पटेल, कविता यादव, पार्षद दुर्गा साहू, गैंदाबाई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कार्यकर्ताओं के कंधों पर होती है बड़ी जिम्मेदारी : ताम्रध्वज

- राजीव भवन भखारा में पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

विधानसभा स्तरीय आभार व्यक्त कार्यक्रम में पहुंचे महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी रहे ताम्रध्वज साहू ने कहा कि बीती बात बिसारिए आगे की सुध ले के विचार को आत्मसात करते हुए संगठन की मजबूती व जनसेवा का कार्य करते हुए आगे बढ़ते रहे।

मंगलवार को श्री साहू ने राजीव भवन भखारा में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व. विद्याचरण शुक्ल के छायाचित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को उनके अथक प्रयास के लिए आभार



जताते हुए कहा कि चुनाव में हार जीत लगी रहती है। कार्यकर्ताओं के मजबूत कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी होती है। निश्चित ही आपने भीषण गर्मी में घर घर जाकर कांग्रेस पार्टी के पक्ष में प्रचार-प्रसार कर पार्टी को जिताने का प्रयास किया। लोकतंत्र को शिरोधार्य मानते हुए उन्होंने कुरुद विधानसभा की जनता का भी आभार व्यक्त किया। आगामी चुनाव में फिर से मजबूती के साथ एक साथ मिलकर काम करेंगे । यह संबध केवल चुनाव तक ही सीमित नहीं है। अभी नगरीय निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव है जो स्थानीय कार्यकर्ताओं का चुनावी होता है उसमें मेरी जहां भी आवश्यकता होगी सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा।

इस अवसर पर शरद लोहाना, मोहन लालवानी, राजकुमारी दीवान, तारिणी चंद्राकर, नीलम चंद्राकर, शारदा साहू, तपन चंद्राकर, आशीष शर्मा, राजू साहू, सुमन साहू, कुसुमलता साहू, विनोद साहू, संतोषी निषाद, गिरीश साहू, डा.हरदेल, देवव्रत साहू, डुमेश साहू, पुखराज साहू, उत्तम साहू, होमेंद्र साहू, महिम शुक्ला, चन्द्रप्रकाश देवांगन, रिजवान रिजवी समेत अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भोलाराम की बाल कहानी जिले की प्राथमिक शालाओं में भेजी गई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम डाभा निवासी व शासकीय प्राथमिक शाला कमारिनमुड़ा में पदस्थ शिक्षक भोलाराम सिन्हा युवा कहानीकार की चयनित बाल कहानी लालच के फल को जिले की सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी जा रही है। इससे पहले समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन, रूम टू रीड इंडिया द्वारा चयनित श्री सिन्हा की कहानी छेरछेरा को प्रकाशित किया गया है। समग्र शिक्षा छत्तीसगढ़ शासन व रूम टू रीड इंडिया द्वारा इस छेरछेरा बाल कहानी को चौदह भाषाओं में अनुवाद कराया गया है। निकट भविष्य में इसे भी छत्तीसगढ़ की सभी प्राथमिक शालाओं में भेजी जाएगी। श्री सिन्हा की बाल कहानियां बच्चों में



आत्मविश्वास व सृजनशीलता बढ़ाती है। उनकी इस उपलब्धि पर टीसी जायसवाल, जिला शिक्षाअधिकारी श्री जगदल्ले, समग्र शिक्षा एनके साहू, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनीष ध्रुव, बीआरसी धीरज देवांगन, बिरझुली के संकुल प्राचार्य व्हीके अग्रवाल, मोहंदी समन्वयक रुपेश शर्मा, बिरझुली के समन्वयक होरीलाल साहू, घनश्याम सेन, नरेंद्र सिन्हा, शैलेन्द्र साहू, रवि गोस्वामी, अशोक पटेल, कोमल साहू, ग्रामीण अध्यक्ष डां. शिवनारायण साहू, संगम साहित्य एवं सांस्कृतिक समिति मगरलोड के अध्यक्ष पुनूराम साहू, सचिव आत्माराम साहू, उपाध्यक्ष वीरेंद्र सरल, चिंताराम सिन्हा पुजारी, लालेश्वर सिन्हा, भोपालमणि ने हर्ष जताया है।

# कुष्ठ रोगी का चिन्हांकन करने गांवों में होगा सर्वे

- सिविल अस्पताल नगरी में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिविल अस्पताल नगरी में पवन कुमार प्रेमी संयुक्त कलेक्टर एवं अनुविभागीय दंडाधिकारी नगरी द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित समस्त प्रमुख राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों सहित सिविल अस्पताल नगरी में स्वास्थ्यगत गतिविधियों की समीक्षा की गई। डॉ डीआर ठाकुर बीएमओ नगरी और हितेन्द्र कुमार साहू बीपीएम ने पावर पॉइंट प्रजेंटेशन से कार्यक्रमों की जानकारी दी। डॉ अरुण नेताम स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा डॉ डीएन सोम ने विभिन्न कार्यक्रमों के क्लिनिकल पॉइंट को विस्तारपूर्वक बताया। सोमेंद्र साहू परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग भी उपस्थित थे। चिरायु कार्यक्रम में पेंडिंग केस के उपचार, कुष्ठ रोग में चिन्हांकित उच्च जोखिम वाले ग्रामों में नियमित रूप सर्वे करने के निर्देश दिए गए हैं।

टीबी मरीजों के लिए निक्षय मित्र बनाने और सही पोषण आहार प्राप्त हो रहा है कि नही, इस पर समीक्षा की गई। एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी



केंद्रों में विपस कार्यक्रम को नियमित रूप से क्रियान्वित करने और रिपोर्टिंग करने के निर्देश दिए गए। सिकलसेल उन्मूलन कार्यक्रम के तहत इस वर्ष 38682 के लक्ष्य को समय-सीमा में प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। परिवार नियोजन कार्यक्रम अंतर्गत शत प्रतिशत प्राप्ति की सराहना की गई। पुरुष नसबन्दी को और बढ़ाने तथा परिवार नियोजन के अस्थायी संसाधनों को ज्यादा प्रमोट करने के निर्देश दिए गए । मातृत्व शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दरम्यान जीरो डोज टीकाकरण की प्राप्ति 95 प्रतिशत होने पर असंतोष व्यक्त करते हुए इसे 100 प्रतिशत करने के निर्देश दिए गए।

शिशु मृत्यु पर समीक्षा करते हुए डॉ डीएन सोम ने बताया कि बच्चे का सांस न ले पाना, कमजोर बच्चे का जन्म लेना ये दो प्रमुख शिशु मृत्य के कारण है। एसडीएम नगरी ने जन्म के उपरांत सही तरीके से हस्तक्षेप करने काउंसिलिंग के निर्देश दिए गए। कम उम्र में भी गर्भवती पंजीयन के सबन्ध में महिला बाल विकास अधिकारी को प्रत्येक शुक्रवार को आयेजित होने वाले व्हीएचएनडी में किशोरियों की काउंसिलिंग के निर्देश दिए गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव की समीक्षा करते हुये प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सांकरा को छोड़कर सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रसव की प्राप्ति पर असंतोष व्यक्त किया। इसके लिए सभी पीएचसी को प्लान बनाकर वर्ष में कम से कम 120 माह में 10 प्रसव कराने के निर्देश दिए गए। वर्षा ऋतु के पूर्व आवश्यक मेडिसिन की उपलब्धता को सुनिश्चित करने, कॉम्बेट टीम को सक्रिय करने, मलेरिया से प्रभावित होने वाले ग्रामो में आरडी किट, दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। एसडीएम नगरी ने सभी स्टाफ को जिम्मेदारी पूर्वक डयूटी करने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य केंद्रों में जैव अपशिष्ट के निपटान के बारे में समीक्षा करते हुए सभी स्वास्थ्य केंद्रों के प्रमाणन और सेफ्टी पिट निर्माण के निर्देश दिए गए। जिन स्वास्थ्य केंद्रों में सेफ्टी पिट निर्माण हेतु जगह नहीं है, उसकी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# भैंसासांकरा में लइका घर का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭सांकरा

ग्राम पंचायत सांकरा के आश्रित ग्राम भैंसासांकरा के माता तालाब समीप महिला भवन में लइका घर का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर शशि ध्रुव सरपंच सांकरा ने कहा कि लइका घर में सात माह से तीन साल के बच्चों के लिए शासन द्वारा खानपान, पोषण आहार, देखरेख सभी सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है। मौके पर पारस साहू उपसरपंच, वार्ड पंच व ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



Pride of Dhamtari

मेसर्स बजरंग इंडस्ट्रीज
खपरी, धमतरी
प्रोफाइल शीट (चादर), शटर पट्टी के निर्माता
प्रोफाइल शीट सभी कलर में उपलब्ध
◆ हमारे यहां गोल पाइप, चौरस पाइप, एंगल पट्टी, सभी साइज में उपलब्ध है।
◆ राइस मिल फिटिंग एवं रिपेयरिंग, कैंची शेड एवं गोदाम का निर्माण किया जाता है।
संपर्क : चंद्रकैलाश साहू, ग्राम खपरी (धमतरी) मो. 73890-44159, 80852-95569

आपके शहर धमतरी में
श्री मेडिशाईन हॉस्पिटल, रायपुर से
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
कृपया पुरानी रिपोर्ट साथ लावें
पंजीयन आवश्यक - 7389936624
स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप मस्तिष्क रोग, स्लिप डिस्क, एवं हृदय रोग से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें
डॉ अक्षय बैद — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 07 जून 2024 शुक्रवार
डॉ आशु जैन — MS,MCh, Neurosurgeon, ब्रेन सर्जरी विशेषज्ञ, 14 जून 2024 शुक्रवार
डॉ जोगेश — MD,DM Interventional Cardiologist, 15 जून 2024 शनिवार

CBK EV MOTORS PVT LTD
नगरी रोड, दानीटोला वार्ड, धमतरी छ.ग. 96850-87353, 96917-92510
खरीदें CBK EV MOTORS से Electric Scooter
25 से 100% और पाएं सभी स्कूटर पर आकर्षक उपहार
एवं कैश बैक पाने का सुनहरा मौका
भूपेंद्र कुमार दादर

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431,
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

**प्रतिभाओं को मंच से अपना हुनर दिखाने का मौका मिलता है : हरख**

# सुर सरिता में संगीत प्रेमियों ने लगाया गोता

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के स्टार ग्रुप द्वारा हमर गीत हमर चिन्हा का आयोजन सुरमयी महफिल का दूसरी बार आयोजन किया गया।कार्यक्रम में श्याम यदु, अजय कुलकर्णी, अजय साहू, हरख जैन, दर्शन सिंह, वर्षा तोड़ेकर, शीला पटनायक, नोमिन साहू पार्षद, भारती गंजीर, सुनीता आर्य के अलावा रायपुर, बलौदाबाजार, बिलासपुर, बालोद , नारायणपुर आदि के स्टार मेकर ऐप ग्रुप गायकों ने गीत संगीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मोर छइयां भुइयां फेम एक्टर दीपक कुमार ने विशेष भेंट देकर कार्यक्रम की सराहना की। इस अवसर पर हरख जैन ने



आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाओं को अपना हुनर दिखाने मौका मिलता है। श्याम यदु, अजय साहू, दर्शन सिंह ने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए व्यवस्था संभाली। जब स्टेज पर गायकी शुरू हुई तो पूरा सभागार तालियों से गूंज उठा। मौका था स्टार मेकर ऐप के फैमिली सिंगर्स के सभागार में आयोजित एक दिवसीय सांस्कृतिक आयोजन का।

### गायकी के हुनर से साथी कलाकारों को किया प्रभावित

होटल वेलकम वीआईपी रोड के कार्यक्रम में कलाकारों ने सोलो, डुएट व ग्रुप डांस के साथ सिंगिंग की परफॉर्मेंस देकर लोगों को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम का प्रारंभ माता सरस्वती, गणेश जी के दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम में सबने अपनी गायकी के हुनर से साथी कलाकारों को खूब प्रभावित किया। सभी ने नए पुराने गीत प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरी। छत्तीसगढ़ी गीतों की प्रस्तुति पर सभी थिरकने लगे। कराओके धुन में भी कई कलाकारों ने सबका दिल जीत लिया। एक से बढ़कर एक नए पुराने गीतों की एकल और युगल प्रस्तुति दी। हर कलाकार ने अपने अनूठे स्टाइल और प्रतिभा के साथ दर्शकों का मन मोह लिया और अपनी परफार्मेन्स से साथियों पर अनूठी छाप छोड़ी।

## खबर संक्षेप

### तेंदूकोना में नवनिर्वाचित सांसद का आगमन आज

**तेंदूकोना।** जीत के पश्चात खल्लारी विधानसभा के बागबाहरा ग्रामीण मंडल के मुख्यालय तेंदूकोना में 13 जून को दोपहर 3 बजे लोकसभा के सांसद रुपकुमारी चौधरी का प्रथम आगमन होगा। जानकारी देते हुए भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल ने पार्टी के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को उपस्थित होने की अपील की है।

### बसना में मारपीट के दो मामलों में रिपोर्ट दर्ज

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने मारपीट के दो मामलों में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की। ग्राम बेलटिकरी में प्रार्थी कपूरचंद बरिहा पिता ननकी बरिहा (45 साल) के साथ गांव के ही रवि बरिहा ने गालीगलौज करते हुए मारपीट की। एक अन्य मामले में ग्राम अरेकेल में गिरधर यादव पिता मैसर यादव (62 साल) के साथ बंटी यादव पिता श्रीधर यादव (30 साल) ने हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। दोनों ही मामलो में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### गड्ढा खोदने की बात पर विवाद

**महासमुंद।** ग्राम कोल्दा में गड्ढा खोदने की बात को लेकर एक व्यक्ति से मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। खल्लारी पुलिस ने बताया कि गौटियापारा ग्राम कोल्दा के धनेश राम साहू पिता दौलतराम साहू के साथ आरोपी चुनेश साहू पिता भेटराम साहू ने घर का पानी निकालने हेतु गड्ढा खोदने की बात पर गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 323, 506 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा और बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिथौरा पुलिस ने ग्राम मेमरा में रामेश्वर बरिहा पिता रतिराम बरिहा (40) निवासी अंसुला के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। वहीं बसना पुलिस ने देवलगढ़ से आरोपी अगस्टिन पिता श्याम लाल (27) के पाससे 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है। मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जेब से पैसा निकालने से मना करने वाले युवक पर तीन लोगों ने मारपीट की। आरोपियों ने युवक को रॉड और पेचकस से वार करते हुए घायल कर दिया। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को प्रार्थी रूपेश पटेल पिता व्यास नारायण पटेल निवासी वार्ड नं 12 ग्राम खैरा ने बताया कि 11 जून को लगभग 10.30 बजे मैं अपने दादी के घर गुडरूपारा महासमुंद गया था। चाची दुकान के सामने मैं अपने साथी प्रतीक साहू, तोमेन्द चंद्राकर के बैठकर आपस में बातचीत कर रहा था। वहीं कुछ दूरी पर लाला निषाद, अमित निषाद और पप्पू निषाद बैठकर शराब पी रहे थे, तभी आरोपी अमित निषाद मेरे जेब में हाथ डालकर पैसा निकालने लगा। जब मैने उसे मना किया तो उसने गालियां देनी शुरू कर दी। इसी बीच उसके साथी व आरोपी लाला निषाद और पप्पू निषाद वहां आकर मुझसे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। मारपीट करने के दौरान अमित ने अपने हाथ में रखे रॉड से मेरे सिर में मारा, जिससे मेरा सिर से खून निकलने लगा और लाल निषाद ने हाथ में रखे पेचकस से मेरे दोनों पैर के जांघ पर वार किया, जिससे मुझे चोट लगी है।इन तीनों के द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी भी दे रहे थे। मेरे दोस्त प्रतीक साहू, तोमेंद्र चंद्राकर किसी तरह बीच बचाव किये। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू

सिहावा विधानसभा क्षेत्र में नवनिर्वाचित सांसद का हुआ अभिनंदन

# कांकेर लोस का चौमुखी विकास सभी लोगों की राय लेकर किया जाएगा : भोजराज





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं ने भारतीय जनता पार्टी और मुझ पर विश्वास करके हमारे पक्ष में मतदान करके हमें जो जीत दिलाई है। इसके लिए मैं हृदय से लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र का चौमुखी विकास सभी लोगों की राय लेकर किया जाएगा। उक्त बातें कांकेर लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद भोजराज नाग ने बजरंग चौक नगरी में नागरिक अभिनंदन समारोह में कही। कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्रीमती पिंकी शिवराज शाह, जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, विधान सभा संयोजक नागेंद्र शुक्ला, मंडल प्रभारी रवि शंकर दुबे ने भी अपने उद्बोधन में क्षेत्र व जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। अभिनंदन समारोह में प्रमुख रूप से हलधर साहू, कमल डागा, राजेन्द्र गोलछा, रवि दुबे, महेन्द्र नेताम, आराधना शुक्ला, नन्दकुमार यादव, दिनेश्वरी नेताम, अजय नाहटा, रामगोपाल साहू, निखिल साहू, बलजीत छाबड़ा, मन्नू यादव, राजेंद्र गोसाई, सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के संरक्षक गोपी कश्यप, अध्यक्ष सुरेश नेताम, उपाध्यक्ष प्रेम नारायण सिन्हा, घनश्याम नेताम,सचिव जालम पटेल, कोषाध्यक्ष कुलदीप साहू, व्यवस्था प्रभारी गोलू मांडवी, मीडिया प्रभारी लोकेश मरकाम, चमेली साहू, लेखनी साहू, वन्दना साहू, लता साहू, सुलोचनी साहू, चम्पा साहू, पुष्पलता साहू, ललिता साहू, गायत्री तिवारी हेमकुमारी, रमेश्वरी साहू, कलेन्द्री, जागृति डिकेश्वरी साहू, भुनेश्वरी नेताम, हिदेश्वरी मरकाम उपसस्थित थे।

### सर्व वर्ग हिताय ग्रुप ने किया सांसद का स्वागत

**नगरी।** सर्व वर्ग हिताय ग्रुप के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने सांसद भोजराज नाग का विजय होने के उपरांत प्रथम नगरी आगमन पर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर ग्रुप के सदस्यों ने सांसद को बताया कि उनके ग्रुप द्वारा चुनाव में जिन 35 बूथ केन्द्रों में भाजपा पार्टी के लिये कार्य किया गया, उन केंद्रों में भाजपा को 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में 1731 मतों की बढ़त मिली है। सांसद नाग ने ग्रुप द्वारा चुनाव के दौरान किये गए कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक पिंकी शाह, मन्नू यादव सभापति जनपद पंचायत नगरी, पूर्व पार्षद बलजीत छाबड़ा, ग्रुप के संयोजक एवं संगठन प्रमुख गोपी कश्यप, अध्यक्ष सुरेश नेताम सहित बड़ी संख्या में ग्रुप के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



# सांकरा के व्यापारी रोज प्यासे को पिलाते हैं पानी



- बस स्टैंड परिसर में खोला सार्वजनिक प्याऊघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम सांकरा में भीषण गर्मी और पानी के लिये आम लोगों को तरसते देखा नहीं गया। न्यू लक्ष्मी क्लॉथ स्टोर्स सांकरा का युवा व्यापारी बस स्टैण्ड परिसर में टेबल में चार मटका रखकर सुबह से पानी भर देता है और दिन में देखरेख करता है कि कहीं पानी तो कम नहीं है। व्यापारी विजय साहू ने बताया की जब मैं अपनी दुकान से बस स्टैन्ड परिसर में आता हूं और तपती गर्मी में बच्चों व महिलाओं को होटल में संकोच करते हुए पानी पीने जाती थी और बड़ी मुश्किल से बोलते भैया पानी देना तब मुझसे से रहा नहीं गया।

अब प्यासे लोगों को पानी के लिये भटकना न पड़े। इसके लिये सुबह से चारों मटका में पानी भर देता हूं। गिलास और जग वहां रहता है जिसे भी पानी की आवश्यकता होती है, खुद निकालकर ठंडे पानी से अपनी प्यास बुझाते हैं। सफर करने वाले अपनी बॉटल में पानी भरकर ले जाते हैं। इससे मुझसे काफी सुकून मिलता है। प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा धर्म है।

# प्राथमिक शाला उजरावन में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण



- कार्यक्रम में विधायक अंबिका मरकाम, रमशीला हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सांकरा

ग्राम पंचायत करही के आश्रित ग्राम उजरावन में प्राथमिक शाला के अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण मुख्य अतिथि श्रीमती अंबिका मरकाम विधायक ने किया। अध्यक्षता श्रीमती रमशीला सोरी सरपंच करही ने की।

विशेष अतिथि भानेन्दर ठाकुर, कृष्ण कुमार कश्यप, सचिन भंसाली, योगेश अग्रवाणी, कृष्ण कश्यप, बीरबल पदमाकर, श्रीमती संध्या कुंजाम, धरमसिंह कुंजाम, किसनलाल नाग, दुलचंद कुंजाम, कैलाश बिसेन थे।

मौके पर ग्राम दया पटेल, रोशन पटेल, विष्णु यादव, छबि पटेल, जोगी पटेल, कैलाश, यशवंत, धर्मेंद्र सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे।

# भावी पीढ़ी के लिए जल को सुरक्षित रखना है : गणेशिया

- तांगापानी में हुआ जल जगार कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



ग्राम पंचायत तांगापानी में जल जगार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्रीमती गणेशिया मरकाम ने कहा कि हमें आने वाली भावी पीढ़ी के लिए भी जल को सुरक्षित रखना है। इससे हम उन्हें एक स्वस्थ एवं स्वच्छ वातावरण दे सकेंगे । जल ही जीवन है। वर्षा जल को रोककर हमें भूगर्भ जल को बनाए रखना चाहिए। इसके लिए प्रत्येक घरों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग बनाना चाहिए। एक-एक बूंद पानी का उपयोग हमें सावधानी पूर्वक करना है।

मनीष सिंह ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ने कहा कि हमें वर्षा जल का संरक्षण फसल चक्र परिवर्तन करके भी करना चाहिए। डिकेश कुमार सोन व्याख्याता ने बताया कि जल ही जीवन है। जल के एक-एक बूंद का उपयोग बड़ी किफायती से करते हुए हमें जल का बचाव करना चाहिए। हमारे पास जितने अधिक पेड़ पौधे होंगे उतने ही हमारे पास जल सुरक्षित होगा।

वनों की कटाई एवं वनों में आग लगाने पर तत्काल रोक लगनी चाहिए। वर्षा जल को अपने घरों में छोटे-छोटे गड्ढे खोदकर या खेतों में टैंक निर्माण करके इसका उपयोग कृषि क्षेत्र में कर सकते हैं। श्रीमती पुष्पा मोहिते महिला एवं बाल विकास अधिकारी ने बताया कि शुद्ध ऑक्सीजन के लिए पीपल, बरगद एवं तुलसी का पेड़ अपने घरों के आसपास लगाना चाहिए।

कार्यक्रम प्रभारी गोविंद मिश्रा जल संसाधन नगरी ने बताया कि हमें जल के एक-एक बूंद का उपयोग सही तरीके से करना चाहिए। वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण करके वर्षा जल का संरक्षण कर सकते हैं। कार्यक्रम में पंचगण, शिक्षकगण, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं आश्रित ग्राम के ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# अरौद सरपंच के खिलाफ एसडीएम से शिकायत



- **आरोप:** 14 वें व 15 वें वित्त की राशि का कर रही है दुरुपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद/मगरलोड

अनुविभाग राजस्व कुरुद अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत अरौद विकासखंड मगरलोड के सरपंच के खिलाफ पंचायती राज अधिनियम धारा 40 के तहत बर्खास्त करने की मांग उपसरपंच सहित पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी कुरूद से की है। बुधवार को ग्राम पंचायत अरौद की सरपंच की मनमानी और निर्माण, विकास कार्यों में बरती जा रही भ्रष्टाचारिता और अपारदर्शिता की उपसरपंच सहित पंच गणों ने कुरूद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व से शिकायत करते हुए कहा कि सरपंच न ही अपने कार्यों में पारदर्शिता बरतती हैं और न ही किसी प्रकार की सूचना देती हैं। इसके साथ ही 14वें, 15वें वित्त आयोग की राशि भी निकालकर अपनी मनमानी को अंजाम दे रही हैं। वे अपने पद का दुरुपयोग कर निर्माण कार्यों में मनमानी कर रही है। अतः उन्हें धारा 40 के तहत कार्रवाई करते हुए बर्खास्त किया जाए। उपसरपंच फलेश कुमार साहू,पंच पेखन साहू, पंचगण मनोहर साहू, महेन्द्र साहू, वत्सला साहू, राजकुमारी, नंदनी साहू, शारदा साहू सहित ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच पंचायती राज अधिनियम की मनमानी कर निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को पंचायत प्रस्ताव में शामिल करने की बजाय उन लोगों को कोई जानकारी नहीं देती। सरपंच श्रीमती रूक्मणि साहू के खिलाफ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद का ज्ञापन तहसीलदार दुर्गा साहू को सौंपते हुए धारा 40 के तहत बर्खास्त करने की मांग की है।

# जिले में मनाया जा रहा स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह

- पर्यावरण को संरक्षित करने पौधरोपण सहित की जा रही साफ-सफाई
- सामाजिक संस्था, स्वयंसेवी संस्था, स्वसहायता समूह सहित ग्रामीण निभा रहे सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जिले में 12 जून तक स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह मनाया जायेगा। सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पर्यावरण को संरक्षित करने ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान स्वच्छता, हरियाली, प्लास्टिक सामग्री जलाने से प्रदूषित वातावरण की जानकारी, गांव को स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त और हरा- भरा बनाने का संदेश दिया जा रहा है।

धमतरी विकासखंड के ग्राम पंचायत मुड़पार, बरारी, बेन्द्रानवागांव, सोरम, बलियारा, सेमरा बी, सेहराडबरी, पीपरछेड़ी गा, धौराभाठा, बिरेतरा, बिजनापुरी, देमार, गुजरा, रांवा, सारंगपुरी, कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत मड़ेली, गणेशपुर, भैंसबोड़, कोड़ेबोड़, कोर्रा, ईर्रा, भेण्डरवानी, गातापार को, कमरौद, सिरसिदा, भुसरेगा, धूमा, विंचरी, संकरी, मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत कोरगांव, परसाबुड़ा, नवागांव (खि), भोथीडीह, परसट्टी, मोतिमपुर, सिंगपुर, कुल्हाड़ीकोट, नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत फरसियां, रानीगांव, मल्हारी, उमरगांव, भुरसीडोंगरी, हिर्रीडीह, गढ़डोंगरी रै, खल्लारी, मौहाबाहरा, कांटाकुर्रीडीह, जबर्रा, गट्टासिल्ली, राजपुर, बटनहर्रा, हरदीभाठा, छिपलीपारा, मुकुंदपुर, सिहावा, भीतररास के ग्रामीणों द्वारा स्वच्छता के लिए सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई की गई। हेण्डपंप के आसपास एवं वहां उगे खरपतवार की साफ-सफाई की गई। श्रमदान करके गांव की गलियों की साफ-सफाई, पर्यावरण जागरूकता लाने के लिए पुराने वृक्षों पर महिलाओं द्वारा रक्षा सूत्र बांधा गया।

सीईओ सुश्री श्रीवास्तव ने बताया कि स्वच्छ हरित ग्राम सप्ताह के तहत पंचायतों में सार्वजनिक जल स्त्रोतों के पास की साफ-सफाई, गंदे पानी निकासी हेतु सोकपिट एवं किचन गार्डन का निर्माण, स्कूल, आंगनबाड़ी एवं शासकीय भवनों में पेयजल स्त्रोतों की साफ-सफाई, पंचायत में जल कर पर चर्चा एवं नियोजन कार्य, रेनवाटर हार्वेस्टिंग मरम्मत एवं निर्माण कार्य, रिचार्ज एवं सोकपिट का निर्माण, जल संरक्षण एवं जल संवर्धन हेतु ग्रामीणों में जागरूकता के लिए सामूहिक चर्चा के साथ प्रेरित किया जा रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि जलदूत एप्प के माध्यम से मानसून में खुले कुओं का जल स्तर सर्वेक्षण कार्य कराया जा रहा है। इससे गांवों के कुओं के जलस्तर की जानकारी फोटो के साथ अपलोड होगी।

महानदी तट पर स्थित महानंदेश्वर मंदिर नगरी की एफएलसीआरपी श्रीमती संध्या मानिकपुरी एवं श्रीमती योगश्वरी ठाकुर ने मंदिर परिसर के आसपास की साफ-सफाई करते हुए बताया कि स्वच्छता का मतलब कई अलग-अलग अभ्यासों से है। स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए व्यक्ति को स्वस्थ और स्वच्छता निहायत जरूरी है। ग्राम पंचायत घोटगांव नगरी की कृषि मित्र बबीता साहू ने पर्यावरण के लिए स्वयं गड्ढा खोदकर पौधा का रोपण किया। कुरूद विकासखंड के ग्राम पंचायत कन्हारपुरी, भालूझूला के ग्रीन आर्मी सदस्यों ने बताया कि बायो कम्पोस्ट जैविक खाद बनाने के लिए गांव में यत्र-तत्र बिखरे हुए सब्जी बाजार से सब्जियों के अवशेष को उठाकर जैविक खाद बनाने के लिए संग्रहित किया गया। मगरलोड विकासखंड के ग्राम पंचायत शुक्लाभाठा की ग्रामीण महिलाओं द्वारा जल जगार में पानी बचाकर पौधरोपण करने ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है।

# आदिवासी दिवस पर आयोजित शिक्षक पालक सम्मेलन को स्थगित करने की मांग

- छत्तीसगढ़ अजजा शासकीय सेवक विकास संघ ने अपर कलेक्टर को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



छत्तीसगढ़ अजजा शासकीय सेवक विकास संघ जिला शाखा धमतरी ने9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित शिक्षक पालक सम्मेलन को स्थगित करने की मांग की है। स्थगित करने संघ के संरक्षक जेएल ध्रुव एवं जिला अध्यक्ष रोशन लाल देव, महासचिव एचआर ध्रुव के मार्गदर्शन व जिला उपाध्यक्ष गेवाराम नेताम, सुजाता ध्रुव, जिला कोषाध्यक्ष वीएस सिदार के नेतृत्व में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम को ज्ञापन सौंपा गया। जिला उपाध्यक्ष श्री नेताम ने बताया कि 9 अगस्त को संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व भर में विश्व आदिवासी दिवस के रूप में घोषित किया गया है। पूरे विश्व के आदिवासी समुदाय, मूल निवासी समुदाय के लिए यह बड़ा पर्व है। आदिवासी समाज के लोग इसे धूमधाम से मनाते हैं। इसमें शिक्षक समुदाय भी बहुसंख्या में शामिल रहते हैं। कई राज्यों के साथ छत्तीसगढ़ में भी उक्त दिवस पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पूर्व से ही सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। परंतु छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव द्वारा 6 जून को एक पत्र जारी करके पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालकों के साथ समन्वय साधते हुए संकुल स्तरीय पालक शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। संघ ने आगे कहा कि यदि उक्त तिथि में परिवर्तन नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए भी बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान तहसील इकाई धमतरी के उपाध्यक्षगण राहुल नेताम, दौलत राम ध्रुव, जिला एवं तहसील के पदाधिकारीगण टीकम ध्रुव, कलाराम गंगेश, अंजना नेताम, उमेश नेताम, जितेंद्र नेताम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे।

### परसतराई में पुराने बरगद के पेड़ को बांधा रक्षा सूत्र, गंगरेल में फलदार छायादार पौधे रोपे गए

# केंद्रीय टीम ने किया जिले में जल और पर्यावरण संरक्षण कार्य का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





जिले में भूजल स्तर बढ़ाने, जल और पर्यावरण को संरक्षित करने कलेक्टर नम्रता गांधी की पहल पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन्ही कार्यों का दो सदस्यीय केन्द्रीय टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान धमतरी शहर के सोरिद, अस्पताल, गंगरेल, श्यामतराई, परसतराई, गोजी, मेघा, कन्हारपुरी का अवलोकन किया। सोरिद नाला के निरीक्षण के दौरान बताया गया कि शहर के पानी को आसानी से निकालने और बरसाती पानी को संरक्षित करने नगर निगम की टीम द्वारा लगातार नालों और नालियों की सफाई की जा रही है। इसके लिए समिति भी बनाई गई, जो सभी को साथ लेकर कार्य कर रही है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर नम्रता गांधी, सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जलशक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर विभिन्न नक्शों के आधार पर जिले में जल सर्वेक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस दौरान पीकू एनीमेटेड वीडियो के माध्यम से संदेश दिए जाने की बात उन्हें बताई गई। गंगरेल परिसर में आम, नीम सहित अन्य फलदार और छायादार पौधों का रोपण अधिकारियों द्वारा किया गया। गोजी में भी आम वृक्षारोपण का टीम द्वारा अवलोकन किया गया और इनका संरक्षण करने की बात कही।

केन्द्रीय टीम के सदस्य एस.एम.राव चलकापुरे तथा बिमल कुमार का ग्राम परसतराई पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया। इस दौरान गांव के पुराने बरगद के पेड़ पर रक्षा सूत्र बांधा गया। सरपंच परमानंद आडिल ने बताया कि गांव की बालिकाओं के नाम पर पौधरोपण किया जाएगा। टीम ने जल बहिनी से परिचय प्राप्त किया और उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की बारीकी से जानकारी प्राप्त की।

इस मौके पर डायरेक्टर श्री राव ने कहा कि गांव में आकर उन्हें काफी खुशी हुई। उन्होंने कहा कि पर्यावरण दिवस 5 जून को आयोजित किया जाता है। जिले में जल संरक्षण के लिए जो पहल शुरू की गई है, उसे सुनकर हम यहां देखने आए हैं। आपकी यह पहल पूरे देश में मॉडल के तौर पर विकसित हो रहा है।

## खबर संक्षेप



### सीईओ ने किया जपं बकावंड का निरीक्षण

**जगदलपुर।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे ने बुधवार को जनपद पंचायत बकावंड कार्यालय का औचक निरीक्षण कर, उपस्थित अधिकारी कर्मचारी से कार्यालय में संचालित कार्यों की जानकारी ली। इसके उपरांत लखपति दीदी पहल अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समूह सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण कर विस्तृत चर्चा कर सीईओ ने मार्गदर्शन प्रदान किया। इस प्रशिक्षण में झारखंड राज्य से पहुंचे प्रशिक्षक प्रशिक्षण दे रहे हैं।

### आज 3 केन्द्रों में होगी पीईटी व पीपीएचटी परीक्षा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 13 जून को प्रातः 9 बजे से अपरान्ह 12.15 बजे तक प्रथम पाली में पीईटी परीक्षा तथा अपरान्ह 2 बजे से सायंकाल 5.15 बजे तक द्वितीय पाली में पीपीएचटी परीक्षा का आयोजन किया गया है। जिले में उक्त दोनों प्रवेश परीक्षा जगदलपुर स्थित 3 केन्द्रों पर दो पाली में होगी। जिसके तहत परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1701 शासकीय काकतीय पीजी कॉलेज धरमपुरा नम्बर 2 जगदलपुर में प्रथम एवं द्वितीय पाली में क्रमशः 400-400 परीक्षार्थी, परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1702 शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय धरमपुरा नम्बर 3 में प्रथम पाली में 147 तथा द्वितीय पाली में 400 परीक्षार्थी और परीक्षा केन्द्र क्रमांक 1703 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकण्डरी स्कूल क्रमांक-1 जगदलपुर में केवल द्वितीय पाली में 315 परीक्षार्थी शामिल होंगे। नोडल अधिकारी व्यावसायिक परीक्षा द्वारा अवगत कराया गया है कि इन दोनों परीक्षा हेतु अभ्यर्थियों को वर्तमान वर्ष का प्रवेश पत्र लेकर आना अनिवार्य है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए डिप्टी कलेक्टर नीतिश वर्मा मोबाइल को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### नए शिक्षा सत्र की शुरूआत शाला प्रवेश उत्सव के साथ मनाने के निर्देश

**दंतेवाड़ा।** सचिव, स्कूल शिक्षा विभाग, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में 10 जून को समस्त संभागीय संयुक्त संचालक, जिला शिक्षा अधिकारी, डाइट प्राचार्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं खंड स्रोत समन्वयकों की विभागीय बैठक वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रखा गया था। सचिव सिद्धार्थ परदेशी कोमल के द्वारा दिए निर्देशों के तारतम्य में जिले के कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कुमार बिश्वरंजन के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में 11 जून को जिले के समस्त विकास खंडों के शिक्षा अधिकारी, खंड स्रोत समन्वयक, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त संकुल समन्वयकों का बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से सचिव स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत नए शिक्षा सत्र की शुरूआत समस्त विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव आयोजन, जन प्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों को विशेष रूप से आमंत्रित करने, इस हेतु समस्त विद्यालयों में साफ सफाई, रंग रोगन, मरम्मत इत्यादि समस्त व्यवस्थाओं को पूर्ण करने, स्कूल खुलते ही प्रथम दिवस से ही छात्रों को मध्यान्ह भोजन देने हेतु आवश्यक तैयारी किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। इसके अलावा जिले के 5 पीएम श्री विद्यालयों में शाला प्रवेश उत्सव विशेष रूप से मनाने हेतु कहा गया। साथ ही समस्त बालवाड़ियों में बच्चों को आकर्षक माहौल के साथ नए सत्र की शुरूआत किया जायेगा। और शाला प्रवेश उत्सव के साथ ही बच्चों को गणवेश एवं पुस्तकें भी प्रदान किये जायेंगें। समस्त विद्यालयों में एसएमसी, एसएमडीसी समिति को अपडेट करते हुए, बैठक आयोजित करने, इनके सहयोग से समुदाय को विद्यालय से जोड़ते हुए, समस्त बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित किये जाने और जो बच्चे शाला त्यागी हो गए हैं। जनप्रतिनिधियों और समिति के सदस्यों के सहयोग से पुनः बच्चों को विद्यालय की ओर जोड़ने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

### सफाई के लिए शहर में 16 प्वाइंट बनाए गए, निगम की टीम क्रमवार कर रही सफाई

# सोरिद नाला की सफाई में निकला बीस ट्रैक्टर मलबा, पानी निकासी के रास्ते खुले

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



बारिश पूर्व नालियों की सफाई में जुटी निगम टीम ने बुधवार को सोरिद नाला की सफाई की। दिनभर सफाई कार्य में जुटे कर्मचारियों ने जेसीबी की मदद से नाले से 20 ट्रेक्टर मलबा निकाला। मलबे को ट्रेक्टरों के माध्यम से ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

टीम प्रारी मो.शेरखान ने बताया कि मलबा में लकड़ी के टुकड़े, कांच, प्लास्टिक, सीमेंट बोरियां, ईंट, पत्थर के टुकड़े, झिल्ली बरामद हुए। सफाई के दौरान गाद, घासफूस, झाड़ियों को पूरी तरह साफ किया गया ताकि पानी के फ्लो में तेजी बनी रहे। सफाई में एक दर्जन से अधिक कर्मचारी दिनभर तैनात रहे। सफाई में जुटे टीम प्रभारी शेरखान, धनेश सिन्हा, मुकेश साहू, शकील अहमद, अतिश मिश्रा, राजेंद्र नाग, मुन्नालाल, सूरज रजक, सुरेंद्र सिन्हा, गिरवर सिन्हा ने बताया कि आगामी बारिश में शहर में जलभराव न हो इसे देखते हुए कमिश्नर विनय पोयाम, उपायुक्त पीसी सार्वा ने सफाई के लिए शहर में 16 प्वाइंट बनाए हैं जिसकी क्रमवार सफाई की जा रही है। पिछले वर्ष के मुताबिक इस वर्ष सफाई अच्छे तरीके से हो रही है। कर्मचारी फरवरी माह से जुटे हुए हैं। पिछले 6 माह से कर्मचारी नालियों एवं बड़े नालों की सफाई कर रहे हैं। इस दौरान 100 ट्रेक्टर से अधिक मलबा नालियों से निकला है। ट्रेंचिंग ग्राउंड में मलबा का पहाड़ बन गया है। नालियों के स्लेब तोड़कर सफाई की गई। अवकाश के दिनों के अलावा डयूटी टाइम में भी अतिरिक्त समय निकालकर नालियों की सफाई कर टारगेट पूरा किया गया।

सफाई के लिए बनाए गए 16 प्वाइंट में कुछ ऐसे हैं जहां हल्की बरसात में पानी भर जाता है। वहां नालियों की सफाई करने के अलावा निकासी के नए रास्ते बनाए गए ताकि बारिश थमने के बाद पानी कुछ मिनट में ही शहर से बाहर हो जाए। प्राकृतिक निकासी मार्ग की सफाई कर उसे व्यवस्थित किया गया। शहर के देवश्री टाकिज, विमल टाकिज, आमापारा चौक, बालक चौक, पीडी नाला, राजमार्ग, बठेना वार्ड, रूद्री रोड, सोरिद पुलिया, गौरवपथ मार्ग, इतवारी बाजार आदि ऐसे प्वाइंट है जिसकी 6 माह में चार बार से अधिक सफाई हो चुकी है। यह सफाई का पांचवां चरण है जो बारिश आते तक जारी रहेगा। इसके अलावा नगरवासियों द्वारा जानकारी देने पर उस स्थान की सफाई की जा रही है।

## जलाराम बापा मंदिर का 22वां प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव मना



■ मंदिर परिसर में हुए विभिन्न कार्यक्रम, राजभोग आरती के बाद महाप्रसादी बांटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट का 22 वां प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दोपहर में भजन कीर्तन के बाद प्रसादी का वितरण हुआ जिसमें गुजराती समाज सहित अन्य समाज के लोग शामिल हुए।

प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में समाजजनों का उत्साह देखते ही बना। श्री गुजराती समाज धमतरी के तत्वावधान में 11 जून को श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट का महोत्सव मनाया गया। सुबह 7:30 नियमित आरती के बाद हवन पूजन का कार्यक्रम हुआ।

छप्पन भोग दर्शन एवं राजभोग आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण हुआ। कार्यक्रम में श्री जलाराम बापा मंदिर ट्रस्ट के गौरव लोहाना, राकेश लोहाना, अरुण मिरानी, मुकेश रायचुरा, मन्नू भाई गांधी, लक्खू भानुशाली किशोर गांधी, दीपेश गांधी, विशाल शाह, जनक बेन लोहाना, वंदना बेन मीरानी, तृप्ति मानिक सहित अन्य मौजूद थे।

## सत्येंद्र साहेब ने बताई जीवन जीने की कला

### रींवागहन में हुआ कबीर सत्संग समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





कबीर सत्संग समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम रींवागहन के स्कूल चौक के पास एक दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख प्रवचनकर्ता संत सत्येन्द्र साहेब कबीर धर्मनगर नांदिया ने अपने प्रवचन में जीवन जीने की कला पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यदि सद्कर्म, सतधर्म और सत्संग प्रधान जीवन जीने की कला है तो मनुष्य महापुरूष और भगवान की पदवी प्राप्त कर सकता है। उसी तरह यदि कुकर्म, नास्तिकता और बदसंग प्रधान जीवन जीने की कला है तो मनुष्य मानव से दानव की पदवी प्राप्त करता है। सत्संग समारोह को संत अनुकरण साहेब कबीर आश्रम, संत विजय साहेब जागू कबीर आश्रम सेनचुवा, संत रमेश साहेब, संत विजयरतन साहेब कबीर आश्रम डोमा, संत गुरू साहेब, रामसेवक साहेब कबीर आश्रम धमतरी ने भी संबोधित किया। सत्संग का लाभ लेने जवाहरलाल साहू, नारायण सिंह साहू, भीषम सिंह साहू, योगेश्वर साहू, चन्द्रशेखर साहू, सोमप्रकाश साहू, मोतीलाल साहू, पवन साहू, सुरेश साहू, कोमल यादव, यशोदा साहू, निर्मला साहू, रोहणी साहू, सुशीला साहू, पेमीन बाई, कुंती साहू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। मंच संचालन विजय साहेब एवं आभार प्रदर्शन पटवारी नारायण सिंह साहू ने किया।



## फुटबाल स्पर्धा में हो रहे रोमांचक मुकाबले

■ पीजी कालेज मैदान में समर कैम्प फुटबाल लीग मैच का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

पीजी कालेज मैदान में समर कैम्प फुटबाल लीग मैच का आयोजन किया गया है। इसमें शहर की 6 टीमें भाग ले रही हैं। पहले दिन सोमवार को पहला मैच येलो हाउस और ब्लू हाउस के बीच खेला गया, जिसमें ब्लू हाउस ने 4-2 से जीत हासिल की। ब्लू हाउस से अभिमन्यु ने 3 और पीयूष ने 1 गोल किया। येलो हाउस से मन्नू सोनी और मयंक ने एक-एक गोल किया। दूसरा मैच आरेंज हाउस और व्हाइट हाउस के बीच खेला गया। इसमें व्हाइट हाउस ने 3-1 से विजय प्राप्त की। व्हाइट हाउस की टीम से यशवंत साहू ने 2 गोल किया और मज्जू ने 1 गोल किया। आरेंज हाउस से मान्सू ने एक गोल किया।

दूसरे दिन मंगलवार को पहला मैच रेड हाउस और व्हाइट हाउस के बीच खेला गया। इसमें व्हाइट हाउस ने 3-2 से जीत दर्ज की। रेड हाउस से मोनू ने 2 गोल मारा और व्हाइट हाउस से यशवंत ने 1 और आयुष ने 1 गोल मारा। दूसरा मैच ब्लेक हाउस और येलो हाउस के बीच खेला गया, जिसमें 3-1 से येलो हाउस ने जीत दर्ज की। ब्लेक हाउस से निहाल ने 1 गोल मारा। येलो हाउस से मन्नू ने 2 गोल तथा 1 गोल यश पवार ने मारा।

## टेऊंराम महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मना

■ किसी भी प्राणी का दिल न दुखाएं बल्कि उनकी मदद करें : संत लोकेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





जिस तिथि को अवतार ले आए, उसी तिथि को ही ब्रह्म में लीन होने वाले एवं जीवन पर्यन्त सनातन धर्म को धारण कर प्रभु की भक्ति में सदैव लीन रहने वाले आचार्य सद्गुरु स्वामी टेऊंराम महाराज के चालीसा महोत्सव के ग्यारहवें दिन उनका जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। चालीसा पाठ के बाद भजन एवं भंडारा का आयोजन हुआ। भक्तों ने भजनों का आंनद लिया।

इस अवसर पर संत लोकेश ने आचार्य जी द्वारा रचित अमरापुर वाणी का राग पहाड़ी भजन प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जो जीव मनुष्य का जन्म पाकर प्रभु का ध्यान नहीं करता वह अपने हीरे जैसे कीमती मानुष चोले को बेकार गंवा देता है। संसार में जिनके लिए आप अपने अमोलक श्वास को व्यर्थ खो रहे हो वे अंत समय में साथ नही देंगे। केवल प्रभु ही जन्म से पूर्व और अंत में मदद करता है। जीवन में प्रभु का नित्य ध्यान करें। किसी भी प्राणी का दिल न दुखाएं बल्कि उनकी मदद करें।

## बजरंग दल ने निकाली भगवान राम और हनुमान की शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल द्वारा मगरलोड प्रखण्ड में प्रभु श्रीराम और हनुमान की शोभायात्रा निकाली गई। बाजे-गाजे के साथ बजरंगियों ने हनुमान चालीसा का पाठ करते हुए शोभायात्रा निकाली। संदीप अग्रवाल, रामचन्द्र देवांगन, दीपक सिंह ठाकुर, डाकेश्वर साहू, गौरव जैन, चित्रेश, प्रिंस जैन, पीयूष परख, कैलाश बख्तानी, मानव, योगेंद्र साहू, जतिन देवांगन ने कार्यकर्ताओं से सदैव राष्ट्र हित एवं धर्म हित में कार्य करने के लिए आह्वान किया। समाजसेवी मोहन साहू ने बजरंगियों से अखण्ड भारत के लिए कार्य करने का आग्रह किया।



## चर्रा में जल बचाने जागरुकता रैली निकाली गई

**कुरुद।** पेड़ पौधे हमारी जिन्दगी में कितनी ज्यादा जरूरी है। यह हमें गर्मी के मौसम में पता चलता है जब तापमान बढ़ता है। चर्रा की सरपंच श्रीमती कमलेश्वरी टीकाराम ध्रुव ने ग्रामवासियों से अपील की है कि बारिश के दिनों में अपनी अपनी बेटी के नाम से एक पेड़ लगाएं और बढ़ते तक उसकी रक्षा करें। बुधवार को ग्राम चर्रा में पंचायत प्रतिनिधियों ने जल जगार अभियान के तहत गांव में रैली निकालकर जल संरक्षण के लिए अपील की। लोगों को अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संदेश दिया। मौके पर पंचगण, बिहान समूह की महिलाएं, सचिव वेदप्रकाश साहू, खिलेश साहू, सरजू साहू समेत अनेक ग्रामवासी उपस्थित थे।




## पंचायत सचिवों ने सीखा अभिलेखों का संधारण करना

**नगरी।** कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार जनपद पंचायत नगरी के 102 ग्राम पंचायत सचिवों को ग्राम पंचायत के सुचारू संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया गया। अभिलेखों का संधारण, सूचना के अधिकार, करारोपण एवं अन्य विषयों पर जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में पंचायत निरीक्षक आनंद साहू, सहायक आंतरिक लेखा परीक्षण एवं करारोपण अधिकारी भिरेन्द्र साहू, एमपी गंगेले, रामलाल मरकाम एवं समस्त ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित थे।

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 को



**धमतरी।** 14 जून को विश्व रक्तदान दिवस एवं 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। इन कार्यक्रमों में गैर सरकारी संगठनों, सामाजिक संगठनों व समाज प्रमुखों की भागीदारी रहेगी।

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने
पता - धमतरी. मो.नं. : 9993010732
लकवा, शरीर में होने वाले सभी प्रकार के दर्द, साइटिका, नस रोग
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

### पद्मश्री फूलबासन बाई के आमंत्रण पर मराठा समाज की पदाधिकारी राजनादगांव पहुंचीं

# स्व-सहायता समूह के कार्यों का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



विगत दिनों छग मराठा समाज महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में नगर में प्रदेश स्तरीय महिला सम्मेलन व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की अतिथि पद्मश्री फूलबासन बाई थीं। उन्होंने अपने जीवन के संघर्ष व कार्यों के बारे में विस्तार से बताते हुए समाज की महिलाओं को अपने केंद्र में आने का निमंत्रण दिया था। इसी कड़ी में मराठा समाज की महिलाएं स्व-सहायता समूह के कार्यों का अवलोकन करने राजनादगांव गई थी। वहां उन्होंने देखा कि महिलाएं किस प्रकार आत्मनिर्भरता से कार्य कर रही हैं और आर्थिक के साथ ही मानसिक व सामाजिक रूप से अपने आपको सक्षम बना रही हैं। केंद्र भ्रमण के दौरान सदस्यों ने पाया कि वहां मछली पालन, गौ पालन, जैविक खेती, मसाला, पापड़, अचार, कपड़े का काम किया जा रहा है जिसे मां बम्लेश्वरी जनहितकारी समिति के माध्यम से बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। उनके इन कार्यों से प्रभावित होकर समाज की महिलाओं ने जरूरतमंद महिलाओं को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

इस यात्रा में छग मराठा समाज की महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कविता बाबर, जीजा माता महिला मंडल धमतरी अध्यक्ष नीता रणसिंह, महासचिव राजश्री रणसिंह, दुर्गा बाई जगताप, प्रगति पवार, स्नेहा देशमुख, सोनिया रणसिंह, वर्षा रणसिंह, विनीता पवार, भावना घोरपड़े, आशा जाधव, सुनीता निंबालकर, ज्योति रणसिंह, कविता पवार शामिल हुई।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020